अभ्यास 2

दिए गए क्रिया शब्दों के धातु रूप लिखिए।

क. सुनना ____________________

ख. लिखना ____________________

ग. तोड़ना ____________________

घ. बुलाना ____________________

आइए, अब क्रिया के भेदों के विषय में जानें –

क्रिया के भेद

क्रिया के भेद

सकर्मक क्रिया | अकर्मक क्रिया

सकर्मक क्रिया

सकर्मक क्रिया का अर्थ है, कर्म के साथ होनेवाली क्रिया। इसमें 'स' का अर्थ है सहित अर्थात इसमें क्रिया के साथ उसका कर्म भी जुड़ा रहता है। जिस क्रिया में कर्ता के साथ कर्म होता है, उसे **सकर्मक क्रिया** कहते हैं।

जैसे – दीदी कार चलाती है।
↑ दीदी – कर्ता
↑ कार – कर्म
↑ चलाती – क्रिया



पाठ 7

क्रिया



जाँच के बिंदु

1. क्रिया सकर्मक है या अकर्मक, यह जानने के लिए प्रश्न बनाइए। प्रश्नों के उत्तर देकर लिखिए कि वाक्य में आई क्रिया सकर्मक है या अकर्मक?

क. छवि चॉकलेट खाती है।
प्रश्न ____________________
उत्तर ____________________

ख. अनुभव दौड़ रहा है।
प्रश्न ____________________
उत्तर ____________________

ग. चारूलता चित्र बनाती है।
प्रश्न ____________________
उत्तर ____________________

2. नीचे दिए गए वाक्यों में आए कर्म और क्रिया को अलग-अलग करके लिखिए।

क. विभा ने सुंदर चित्र बनाया।
कर्म – ____________ क्रिया – ____________

ख. प्रिया सेब खरीद रही है।
कर्म – ____________ क्रिया – ____________

ग. मदारी ने बंदर का नाच दिखाया।
कर्म – ____________ क्रिया – ____________

घ. शीतल अच्छी कविताएँ लिखती है।
कर्म – ____________ क्रिया – ____________

B-DAC लर्निंग सिस्टम

Scanned by CamScanner